दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### कमलानगर सारंगढ़ में गांजा पुड़िया बेचते पकड़ा गया आरोपी, 750 ग्राम गांजा जप्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सारंगढ़ पुलिस द्वारा दिनांक 07.11.19 को कमलानगर भैरव मंदिर के पास राजू गिरी पिता संत गिरी उम्र 51 वर्ष साकिन कमलानगर सारंगढ को गांजा पुडिया बेचने की सूचना पर रेड कर पकड़ा गया। आरोपी के पास से मिले 750 ग्राम गांजा दो शीलबंद पैकेट में जप्त किया गया है। आरोपी राजू गिरी के विरूद्ध थाना सारंगढ़ में अप0क्र0 553/19 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही किया गया है।

### मोबाईल टावर पर चढ़कर तार चोरी कर रहे युवक को गांववालों ने पकड़ा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** घरघोडा क्षेत्र में ग्राम कया में दिनांक 07/11/19 की रात्रि जियो कम्पनी के टावर में चढकर तार काटने का प्रयास करते युवक शनि दास महंत पिता अजर दास महंत उम्र 25 साल निवासी ग्राम सिलमौजा थाना घरघोड़ा को गांववालों ने पकड़ा। घटना की रिपोर्ट आज दिनांक 08.11.19 को थाना घरघोड़ा में छ्वद्बश्च कम्पनी के नेटवर्किंग इंजीनियर लाखन सिंह राजपूत पिता विद्या राम सिंह राजपूत उम्र 30 वर्ष पता- किराये का मकान घरघोडा द्वारा दर्ज कराया गया है, रिपोर्ट पर आरोपी शनि दास महंत के विरूद्ध अप.क्र. 219/19 धारा 379,511 भादंवि कायम कर आरोपी की गिरफ्तारी की गई है।

### बाईक से गिरकर दो युवक घायल, डायल 112 टीम ने अस्पताल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** तेज रफ्तार मोटर सायकल से गिरकर दो युवक घायल - दिनांक 07.11. 2019 की रात्रि 21:09 बजे धर्मजयगढ़ राइनो-1 को रोड एक्सीडेंट का इवेंट मिला। इवेंट पर धर्मजयगढ़ राइनो ई0आर0वी0 वाहन से आरक्षक देवनारायण भगत घटनास्थल अमापाली मेन रोड के आगे पहुंचा जहां मोटरसाइकिल से गिरकर चालक दीपांकर माझी पिता छपनधारी मांझी उम्र 28 वर्ष साकिन उचदा थाना धर्मजयगढ़ एवं कोज माझी पिता चतुर मांझी उम्र 29 साल निवासी कडूमकेला थाना घरघोड़ा को चोटे आई थी। आहतो को आरक्षक द्वारा ई0आर0वी0 वाहन से सीएचसी धर्मजयगढ़ में भर्ती कराया गया है।

### सर्पदंश से पीड़ित महिला को मिला डायल 112 की सहायता

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सांप के काटने पर मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट- आज दिनांक 08.11. 2019 के सुबह 10:03 बजे कापू राइनो को ग्राम जलडेगा मेडिकल इमरजेंसी के इवेंट पर रवाना किया गया। जहां रहने वाली श्रीमती धुराई बाई पति संत कुमार मंझवार उम्र 22 साल को किसी अज्ञात सर्प ने काट लिया था। अहिता को आरक्षक अर्जुन कुजूर थाना कापू द्वारा ई0आर0वी0 वाहन से सीएचसी धर्मजयगढ़ ले जाकर भर्ती कराया गया।

### रायपुर एयरपोर्ट पर भुनेश्वर-मुंबई विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर आज भुवनेश्वर से मुंबई जा रही एयर इंडिया के एक विमान के इंजन में आग लगने की सूचना के बाद इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। मिली जानकारी के अनुसार एयर इंडिया का विमान एआईस670 भुवनेश्वर से मुंबई जा रहा था। बताया जा रहा है कि विमान में लगभग 189 यात्री सवार थे। शाम करीब 4 बजे हवाई यातायात नियंत्रक (एटीसी) रायपुर से संपर्क कर उक्त विमान को यहां आपात काल उतारने की अनुमति मांगी गई। एटीसी रायपुर से अनुमति मिलते ही विमान को तत्काल रायपुर विमानतल पर उतारा गया और उसमें सवार यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल विमान से बाहर निकाला गया। हालांकि लैंडिंग करने के बाद जब विमान की विमान विशेषज्ञों द्वारा जांच की गई तो विमान में कहीं भी आग लगना नहीं पाया गया। इधर विमान में आग लगने की सूचना के कारण हुई इमरजेंसी लैंडिंग को देखते हुए एटीसी रायपुर ने घटना के दो घंटे के लिए विमानों के आवाजाही पर रोक लगा दी थी। वहीं इमरजेंसी लैंड किए गए विमान की बारिकी से विशेषज्ञों द्वारा जांच की जा रही है। जिसके चलते विमान कब तक उड़ान भरेगा इसकी सही जानकारी समाचार लिखे जाने तक नहीं मिल पायी है। फिलहाल विमान रायपुर एयरपोर्ट पर खड़ा है। वहीं उसमें सवार सभी यात्री एयरपोर्ट पर रूके हुए है।

### महिला बाल विकास विभाग में अधिकारियों का तबादला

**रायपुर (आरएनएस)।** महिला बाल विकास विभाग के दो अधिकारियों का तबादला आदेश जारी हुआ है। आदेश के अनुसार कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्ग सुकलाल को कोरबा स्थानांतरित किया गया है वहीं जिला महिला बाल विकास अधिकारी दुर्ग मनोज सिन्हा को महासमुंद में प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी बनाकर स्थानांतरित किया गया है। वहीं 31 परियोजना अधिकारियों को भी इधर से उधर किया गया है।

### प्रबोधनी एकादशी अवसर पर दूधाधारी मठ में भजन कीर्तन प्रारंभ

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के मठपारा स्थित ऐतिहासिक दूधाधारी मठ में प्रबोधनी एकादशी के अवसर पर अष्टप्रहरी रामधुन संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कार्तिक शुक्ल पक्ष में प्रबोधनी एकादशी के दिन आज दुधाधारी मठ में तुलसी महारानी का विवाहोत्सव मनाया जाता है। इस पावन अवसर पर श्रीस्वामी बालाजी भगवान, राघवेन्द्र सरकार , संकट मोचन हनुमानजी एवं स्वामी दूधाधारी महाराज का खौर युक्त विशेष श्रृंगार किया गया है।

# ईद-ए-मिलाद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कल 10 नवम्बर को मनाये जाने वाले ईद-ए-मिलाद पर्व के परिप्रेक्ष्य में दिनांक 08.11.19 को पुलिस कन्ट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में उपस्थित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, ए.एस.पी. ट्राफिक आर. के. मिंज, तहसीलदार रायगढ़ जे.आर. शतरंज द्वारा उपस्थित लोगों से राय जानने के बाद जुलूस का समय निर्धारित किया गया। ए.एस.पी. वर्मा ने संभावित जुलूस मार्ग की सूची पूर्व से उपलब्ध कराने के साथ जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सहित कई अन्य जानकारी एक दूसरे से साझा करने को कहा गया। उन्होने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा अवांछित तत्वों पर नजर रखी जावेगी जुलूस के दौरान कोई भी ऐसा काम न हो, जिससे दूसरे समुदाय के लोग आहत हों। वहीं, दूसरे समुदाय के लोग भी सौहार्द का परिचय दें। जिला एवं पुलिस प्रशासन ने शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील किया गया है।

बैठक में शेख ताजिम, दीपक पांडे, राधेश्याम शर्मा, जयंत बहिदार, दिगंबर, रुकमणी साहु, बेजाद अली, फहद अली, नबी मोहम्मद, जसीम खान, सरीम सिद्दीकी, शेख अख्तर हुसैन, निसार खान, लल्लू सिंह, मुकेश मित्तल, निजामुद्दीन, गुलाम रहमान, शेख कलीम, मुल्लाह मोहम्मद, अशरफ खान, असगर खान, मोहम्मद शमीम, पार्षद कमल पटेल रियाज मोहम्मद, नगर निरीक्षक एस.एन.सिह, रूपक शर्मा, युवराज तिवारी, अंजना केरकेट्टा, ए.एस.आई. डी.पी. साहु एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पति व ससुराल वालों पर प्रताड़ना का अपराध दर्ज



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** ग्राम कसडोल थाना तमनार में रहने वाली श्रीमती मीरा साहू पति राकेश साहू के दिनांक 07.11.19 को थाना तमनार में उसके पति व ससुराल वालों के खिलाफ दिये गये आवेदन पत्र पर से अप.क्र. 237/19 धारा 498ए,323,506 भादवि का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पीड़िता ने बताया कि इसकी शादी हिन्दु रीति रिवाज के अनुसार इसी साल जून में हुई है। शादी के बाद अपने पति के साथ निवास स्थान ग्राम कसडोल में रह रही थी। विवाह के कुछ दिन तक सब ठीक था। उसके बाद ससुराल वाले दहेज कम लाई है, दहेज का सामान पुराना है। पुराना गाड़ी लाई है कहकर छोटी छोटी बात को लेकर मारपीट गाली गलौच करते थे और स्टाम्प पेपर में हस्ताक्षर करने को कहकर तलाक का दबाव डालते थे। यह सोच समझकर रह रही थी कि आज नही तो कल इनके व्यवहार में परिवर्तन आयेगा कहकर पीडिता सब सहन करती रही किन्तु उनके व्यवहार में कोई परिवर्तन नही आया और अत्यधिक क्रुरता पूर्ण व्यवहार अपने पति राकेश साहू, सास नमिता साहू, ससुर शौकी लाल साहू, जेठ विकास साहू , जेठानी सीमा साहू द्वारा किया जाने लगा। इसी बीच इसके पति राकेश साहू पीडिता को उसकी बड़ी दीदी के घर छोड़ के चला गया। दोनों पक्ष परिवार सलाह केन्द्र में उपस्थित हुये जहां राकेश साहू व उसके परिवार द्वरा अच्छे रखेंगे कहकर युवती को अपने घर ले आये। किन्तु राकेश साहू व उसके परिवार द्वारा युवती को पुनः प्रताड़ित किया गया और चार चक्का वाहन या 5 लाख रू. ला बोलकर आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करते रहे। दिनांक 03.11.2019 को पति व ससुरालवालों द्वारा मारपीट किये जाने पर युवती मोबाईल से 112 को फोन कर बुलायी और उनके साथ थाना तमनार पहुंची और शिकायत दर्ज कराई थी।

## मुख्यमंत्री बघेल ने जमीन में बैठकर धुसका-पताल चटनी का आनंद लिया



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने बलरामपुर जिले के प्रवास के दौरान सामरी विधायक चिन्तामणि महाराज के घर में जमीन में बैठकर सादगी के साथ सरई के पत्तल में छत्तीसगढ़ी व्यंजन धुसका और पताल की चटनी का आनंद लिया। मुख्यमंत्री को जमीन पर बैठकर भोजन करते देख सभी लोगों ने उनकी छत्तीसगढ़ी संस्कृति के प्रति लगाव और सरलता की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री आज बलरामपुर जिले के प्रवास के दौरान सामरी विधानसभा क्षेत्र के कोट पहुंचे थे। वहां आयोजित कार्यक्रम के बाद सामरी के विधायक चिन्तामणि महाराज के घर आये। स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष खेलसाय सिंह भी उनके साथ थे।

# तीन जुआ फडों से 13 जुआरी पकड़ाये

**खरसिया पुलिस की जुआ एक्ट की कार्यवाही**




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना खरसिया स्टाफ द्वारा दिनांक 07.11.19 को ग्राम ठुसेकेला में 03 जुआ फड पर दबिश देकर रेड कार्यवाही किया गया। एक जुआ फड से जुआडियान 1. गोवर्धन यादव पिता सुखरू राम यादव उम्र 26 वर्ष सा0 ठुसेकेला 2. शान्त कुमार यादव पिता रामलाल यादव उम्र 21 वर्ष सा0 ठुसकेला 3.सुरेश उरांव पिता मिलूराम उरांव उम्र 25 वर्ष सा0 ठुसेकेला 4. सुशील यादव पिता तीजराम यादव उम्र 30 वर्ष सा0 ठुसेकेला को रंगे हाथ जुआ खेलते पकडा गया।

दूसरे जुआ फड से जुआडियान 1 .जयलाल उरांव पिता मुनुराम उम्र 29 वर्ष 2. जयराज राठौर पिता भुवनेश्वर राठौर उम्र 55 वर्ष 3. अमुलचंद गबेल पिता सोनाई चंद उम्र 36 वर्ष 4. फूल कुमार बरेठ पिता विजय लाल उम्र 25 वर्ष सभी निवासी ठुसेकेला को रंगे हाथों पकड़ा गया।

एक अन्य जुआ फड से जुआडियान 1. राजेश्वर सारथी पिता लक्ष्मण सारथी उम्र 20 वर्ष 2. हरिश यादव पिता सोनऊ राम यादव उम्र 27 वर्ष 3. प्रेम पटेल पिता दुजेलाल पटेल उम्र 30 वर्ष 4. कमल बरेठ पिता विजय लाल बरेठ उम्र 28 वर्ष 5. रामेश्वर पटेल पिता पीनलाल पटेल उम्र 29 वर्ष सभी साकिनान ग्राम ठुसेकेला पकड़े गये।

जुआडियानों के फड एवं पास से जुमला 4160 रूपये, 52 पत्ती तास जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना खरसिया में 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने 5 मजदूरों को रौंदा, दो की मौत, तीन घायल



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़े भंडार के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने पांच मजदूरों को रौंद दिया। जिससे दो मजदूरों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है, वहीं तीन मजदूर से घायल बताए जा रहे हैं। घायलों का इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

घटना गुरुवार देर रात की बताई जा रही है। बतादें कि उत्तरप्रदेश से काम की तलाश में मजदूर बड़े भंडार आए थे। रात को वे अपने चित-परिचितों से मिलने के बाद वापस पैदल लौट रहे थे, इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने मजदूरों को चपेट में ले लिया। जानकारी के अनुसार अजय कुमार और उसके भाई अनिल की मौत हो गई। जबकि तीन घायल हुए हैं। घटना के बाद ट्रक चालक कुछ ही दूर में ट्रक छोड़कर फ़रार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## व्याख्याता पद की सीधी भर्ती : वाणिज्य विषय के 731 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन आज




**रायपुर (आरएनएस)।** लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा व्याख्याता पद की सीधी भर्ती के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल के माध्यम से चयन परीक्षा ली गई थी। व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम के आधार पर ओवरऑल मेरिट सूची में अर्ह पाए गए अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण 5 नवम्बर से 11 नवम्बर तक शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर रायपुर में किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग के उपसंचालक ने बताया कि 9 नवम्बर को वाणिज्य विषय के 731 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। आज 8 नवम्बर को आयोजित गणित विषय में सत्यापन कार्य शांति पूर्वक सम्पादित हुआ, जिसमें 869 अभ्यर्थियों में से 86 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार दस्तावेजों के परीक्षण के लिए 9 नवम्बर को वाणिज्य विषय अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन दो पालियों में प्रातः 10 बजे और दोपहर 12.30 बजे से आयोजित किया गया है। सत्यापन के लिए सभी संवर्ग के अभ्यर्थियों को मेरिट सूची में ओवरऑल रैंक के आधार पर बुलाया गया है। वाणिज्य विषय में संवर्गवार बुलाए गए अभ्यर्थियों का अनंतिम रैंक इस प्रकार हैं- अनारक्षित ई संवर्ग के लिए 277 टी संवर्ग के लिए 265, अन्य पिछड़ा वर्ग ई संवर्ग के लिए 468, टी संवर्ग के लिए 449, अनुसूचित जाति ई संवर्ग के लिए 1590, टी संवर्ग के लिए 1510, अनुसूचित जनजाति ई संवर्ग के लिए 3314, टी सवंर्ग के लिए 3141, इसी प्रकार दिव्यांगजनों के लिए ई संवर्ग हेतु 4845, टी संवर्ग हेतु 00, इससे कम रैंक वालों को आमंत्रित नहीं किया गया है। दस्तावेज सत्यापन के लिए संचालनालय और जिला स्तर के अधिकारियों-कर्मचारियों को तैनात किया गया है। अभ्यर्थियों की सुविधा की दृष्टि से दस टेबल काउंटर लगाए गए हैं।

## उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने शहीद स्व. नंदकुमार पटेल की जयंती पर उन्हें दी श्रद्धांजलि



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** उच्च शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल ने अपने पिता एवं पूर्व गृहमंत्री शहीद स्व. नंदकुमार पटेल को उनकी जयंती के अवसर पर नंदेली स्थित शांति बगिया समाधि स्थल में श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उनके परिजनों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## राममंदिर पर आने वाले निर्णय को लेकर कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस महानिदेशक ने दिये दिशा निर्देश

» समस्त पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक की विडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से ली बैठक

**रायपुर (आरएनएस)।** उच्चतम न्यायालय अयोध्या से संबंधित याचिका पर आगामी दिनों में आने वाले निर्णय को देखते हुए पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी ने कानून व्यवस्था को बनाये रखने हेतु समस्त रेंज के पुलिस महानिरीक्षक एवं समस्त जिले के पुलिस अधीक्षक को विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश जारी की गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, गुप्तवार्ता हिमांशु गुप्ता द्वारा राज्य में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक सतर्कता बरतने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान सुंदरराज पी. पुलिस उप महानिरीक्षक एवं मयंक श्रीवास्तव सहायक पुलिस महानिरीक्षक भी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480